# लखनऊ विश्वविद्यालय

## लखनऊ, उ0प्र0—226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412


संदर्भ संख्या :............................/सम्बद्धता/2019

दिनांक :.........................................

ई—मेल/रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत

## कार्यालय—ज्ञाप

संदर्भ :— विश्वविद्यालय से निर्गत नोटिस संख्या : एएफ 1732—35/सम्ब./2018, दिनांक 22.01.2019
2. संख्या : एएफ—3371—74/सम्ब./2019, दिनांक 15.02.2019
3. संख्या : आर/229—32/सम्ब./2019, दिनांक 07.03.2019
4. संख्या : एएफ/5758—61/सम्ब./2019, दिनांक 08.05.2019
5. संख्या : आर—750/साम्ब./2019, दिनांक 20.05.2019
6. संख्या : 10326—29/सम्ब./2019, दिनांक 07.06.2019

लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित स्नातक/परास्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों जिनकी पूर्व प्रदत्त सहयुक्तता 30 जून, 2019 को समाप्त होने जा रही थी, को सम्मुख बाक्स में अंकित पत्रों के माध्यम निर्देशित किया गया था कि —''आगामी शिक्षण सत्र 2019—20 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने हेतु समस्त कमियों के निस्तारणोपरान्त स्थलीय निरीक्षण आख्या अथवा सहयुक्तता विस्तारण हेतु सुसंगत प्रस्ताव प्रत्येक दशा में 15.06.2019 तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें अन्यथा की स्थिति में ऐसे पाठ्यकमों में सत्र 2019—20 से प्रवेश प्रतिबन्धित समझा जायेगा जिसके लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।'' किन्तु निम्नलिखित महाविद्यालयों द्वारा उनके नाम के सम्मुख अंकित पाठ्यकमों की न तो स्थायी सहयुक्तता हेतु निरीक्षण आख्या प्राप्त हुयी और न ही अस्थायी सहयुक्तता विस्तारण के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराये गये हैं :—

| क्र.सं. | कालेज का नाम | विषय |
|---|---|---|
| 1 | सत्यानन्द उच्च शिक्षा संस्थान, ग्राम नीवा, मैमौरा एयरवेस के सामने, सरोजनी नगर, लखनऊ | बी0कॉम0 आनर्स |
| 2 | आई0टी0एम0 कालेज ऑफ एजूकेशन, मामपुरबाना, बक्शी का तालाब, लखनऊ | बी0बी0ए0 (आई0बी0) व बी0कॉम0 आनर्स |
| 3 | आर्यकुल कालेज ऑफ एजूकेशन, नटकुर, गौरी, बिजनौर, लखनऊ | एम0जे0एम0सी0 |
| 4 | कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन, सरकपुर, सीतापुर रोड, लखनऊ | बी0कॉम0 |
| 5 | एल0एन0 एकेडमी महाविद्यालय, रहटा, माल, लखनऊ | बी0बी0ए0 |
| 6 | लाला महावीर प्रसाद ओम प्रकाश वर्मा कन्या महाविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ | बी0ए0 |
| 7 | शिवगंगा मेमोरियल डिग्री कालेज, इटौंजा, लखनऊ | बी0ए0 |
| 8 | के.सी.एम. कालेज ऑफ एजूकेशन, पुरसैनी, मोहनलालगंज, लखनऊ | बी0ए0 |
| 9 | राम दुलारी आलोक कुमार महिला डिग्री कालेज, राम नगर, माल, लखनऊ | बी0ए0 |
| 10 | बिमटेक डिग्री कालेज, बक्शी का तालाब, लखनऊ | बी0बी0ए0 व बी0कॉम0 आनर्स |
| 11 | पं0 मदन मोहन मालवीय गर्ल्स डिग्री कालेज, निगोहां, लखनऊ | बी0ए0 |

अतः उक्त महाविद्यालयों में सम्मुख अंकित स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित स्नातक/परास्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों की पूर्व प्रदत्त सहयुक्तता 30 जून, 2019 को समाप्त हो जाने के कारण सहयुक्तता के अभाव में सत्र 2019—20 से प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा और यदि महाविद्यालय द्वारा सहयुक्तता के बिना प्रवेश लिया जाता है तो विश्वविद्यालय उनकी परीक्षायें नहीं करायी जायेंगी तथा ऐसे प्रवेश के कारण किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति के लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होंगे।

2. उक्त के अतिरिक्त भी किसी सहयुक्त महाविद्यालय द्वारा किसी भी पाठ्यकम में सहयुक्तता के अभाव में यदि प्रवेश लिया जाता है तो उपरोक्तानुसार कार्यवाही के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा।

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव

संख्या : AF/15931—35 दिनांक : 17/07/19

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0।
3. परीक्षा नियंत्रक, ल0वि0वि0।
4. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के अवलोकनार्थ।
5. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई—मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
6. प्रबन्धक/प्राचार्य, सम्बन्धित सहयुक्त महाविद्यालयों को अनुपालनार्थ।
7. गार्ड फाईल।

(डॉ0 भावना मिश्रा)
उप कुलसचिव (सम्ब.)